MAA BHARTI
P.G. COLLEGE
Mahaveer Nagar-III, Sector-8,
Kota -324005, (Raj.)
E-mail-mbpgcollege@yahoo.com

मां भारती पीजी कॉलेज द्वारा साप्ताहिक दिवस मनाया गया।

दिनांक 23 मार्च 2024 को मां भारती स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा NSS एवं कौशल विकास कार्यक्रम के तत्वाधान में साप्ताहिक दिवस के तहत अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस, विश्व कविता दिवस और विश्व जल दिवस का आयोजन किया गया! कार्यक्रम के प्रारंभ में निदेशक श्री दिनेश जी विजय, प्राचार्या डॉ. श्वेता सक्सेना, एनएसएस अधिकारी डॉ. अर्शी अब्बासी ने प्रेरणादायक शब्दों से विद्यार्थियों को इन दिवसों के महत्त्व से अवगत करवाया! इसके बाद डॉ. सक्सेना ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों से अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस, विश्व कविता दिवस, विश्व जल दिवस से सम्बंधित विषयो पर वार्तालाप किया। छात्रा तन्वी सुवालका, राशि विजय ने अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस से सम्बंधित विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। इन्होने जीवन में वनों और पेड़ों के महत्व के बारे में जागरूक किया। इसी के साथ विश्व जल दिवस का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्र-छात्रा रूचि, मोहित भार्गव ने जल संरक्षण के बारे बताया कि जल ही जीवन है, पानी की एक-एक बूँद अमूल्य है। इसके पश्चात विश्व कविता दिवस पर कविता पाठ का आयोजन किया गया! जिसमें विद्यार्थी हर्षित गौड, गौरव विजय, अनमोल मीणा ने अपनी प्रस्तुति दी। एनएसएस अधिकारी डॉ. अब्बासी ने छात्र-छात्राओं से इन विषयो पर महत्वपूर्ण वार्तालाप किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ सरिता गौतम, सह-संयोजक डॉ शालिनी शुक्ला एवं डॉ आरती शर्मा, IQAC कोर्डिनेटर डॉ विनीता शर्मा, सांस्कृतिक कार्यक्रम सह-प्रभारी अन्तिमा दाधीच और स्टूडेंट मेंटर भरत गोयल उपस्थित रहे!